# OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL
## SICKLE CELL INSTITUTE CHHATTISGARH, RAIPUR (ESTD.2013)
(An Autonomous Institute of Govt. of Chhattisgarh), Reg.No. 4453

क्रमांक / SCIC / स्था. / नियुक्ति / 2019 /15                    रायपुर, दिनांक ....08/01/2019

**// Walk in Interview//**

सिकल सेल इंस्टीट्यूट छत्तीसगढ़ (रिक्रूटमेंट, सर्विस एवं प्रमोशन) रूल्स, 2013 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा संविदा नियुक्ति नियम, 2012 के तहत सिकल सेल इंस्टीट्यूट छत्तीसगढ़ में स्वीकृत पद के विरूद्ध संविदा भर्ती के लिए निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों का निम्नानुसार तिथि में Walk in Interview रखा गया हैं–

| S.N. | Date of interview | Designation | Essential Qualifications | Desirable | No.of Post | Salary | Place of posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 23.01.2019 | General Duty Medical Officer | MBBS with 3 years experience/MD (recognized by Medical Council of India) | - | 02 (01-UR, 01-ST) | 55000/- | SCIC, Raipur |
| 02. | 23.01.2019 | Senior Medical Social Worker (संविदा) | 1. Master in MSW or Equivalent Degree from recognized<br>2. 5 year work experience in social worker in teaching hospital/ Govt. Hospital | Research Experience in Social development work Equivalent | 01 (01-UR) | 36,465/- | SCIC, Raipur |
| 03. | 25.01.2019 | Assistant Computer Programmer | Master Degree in Computer Science/Application | Experience in hospital work. | 01 (01-UR) | 23010/- | SCIC, Raipur |

नियम एवं शर्तेः–

1. प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन करना होगा।
2. उपरोक्त सभी पदों के लिए आवश्यक अर्हता एवं अनुभव इत्यादि विज्ञापन जारी होने की तिथि में आवेदक को धारित होना अनिवार्य है। विज्ञापन जारी होने की तिथि के पश्चात प्राप्त अर्हता संबंधी प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं होंगे।
3. अपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त माने जाएंगे।
4. विज्ञापित चिकित्सकीय पद आकस्मिक सेवा के अंतर्गत आने वाला पद हैं, अतः आपातकालीन सेवा करना अनिवार्य होगा।
5. चिकित्सकीय पद को एम.सी.आई / छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल से पंजीयन होना अनिवार्य है।
6. विज्ञापित सभी पदों में संशोधन, निरस्तीकरण अथवा पदों की संख्या में वृद्धि अथवा कमी के लिए नियुक्ति प्राधिकारी के पास अधिकार सुरक्षित होंगे।
7. यदि आवेदक किसी संस्था / कार्यालय में कार्यरत है, तो कार्यालय प्रमुख का अनापत्ति प्रमाण पत्र साक्षात्कार तिथि को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. विज्ञापित पदों के लिए न्यूनतम आयु–सीमा साक्षात्कार तिथि की स्थिति में जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर हेतु अधिकतम 40 वर्ष एवं सीनियर मेडिकल सोशर वर्कर हेतु अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी तथा शासकीय सेवानिवृत्त अधिकारियों के आयु में भी छूट दी जाएगी एवं छूट संबंधी पात्रता की गणना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर जारी अधिकतम आयु संबंधी आदेश के तहत की जाएगी।
9. नियुक्ति हेतु किसी भी प्रकार की सिफारिश अथवा केनवासिंग करना वर्जित है। ऐसा पाए जाने पर आवेदक को अयोग्य माना जाएगा।
10. संबंधित पद के अनुरूप कार्यानुभव होने पर अनुभव में अतिरिक्त अंक दिया जाएंगे।
11. आवेदक द्वारा दी गई घोषणा के गलत पाए जाने पर या आपराधिक प्रकरण होने की स्थिति में नियुक्ति प्रकिया अथवा नियुक्ति होने की स्थिति में सेवा से तत्काल बाहर कर दिया जाएगा। जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
12. वॉक–इन–इंटरव्यू / साक्षात्कार में बुलाये जाने पर किसी भी प्रकार के यात्रा–व्यय का भुगतान इंस्टीट्यूट द्वारा नहीं किया जाएगा।
13. संविदा सेवा में सिर्फ एकमुश्त मासिक वेतन देय होगा तथा इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।
14. संविदा पर नियुक्त अधिकारी की नियुक्ति तिथि से अधिकतम 01 वर्ष के लिए होगी। संविदा अवधि समाप्त होने के पश्चात् नियुक्ति स्वमेव समाप्त हो जाएगी। कार्य मूल्यांकन कर संविदा अवधि में वृद्धि की जा सकती है।

15. निर्धारित अर्हता/योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को निर्धारित प्रपत्र में दर्शाये तिथि अनुसार प्रातः 10.00 से बजे कार्यालय महानिदेशक, सिकल सेल संस्थान छत्तीसगढ़, रायपुर, देवेन्द्र नगर चौक, रेल्वे स्टेशन रोड, रायपुर में Walk in Interview पर उपस्थित होना हैं।
16. अन्य नियम व शर्तें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा संविदा नियुक्ति नियम, 2012 लागू होगें।
17. संविदा नियुक्त चिकित्सक को निजी प्रेक्टिस की अनुमति संस्थान द्वारा नहीं दी जाएगी।
18. हस्तलिखित आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जाएगा, निर्धारित प्रारूप में टंकण कराकर ही आवेदन पत्र जमा करें।
19. उम्मीदवार को Walk in Interview में शामिल होने हेतु 10.00 से 12.00 बजे तक पंजीयन किया जाएगा। निर्धारित समय के पश्चात् पंजीयन नहीं किया जावेगा।
20. जाति, निवास, शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी आवश्यक सभी दस्तावेज की मूल प्रति साक्षात्कार तिथि पर ही अनिवार्य रूप से लेकर आवें अन्यथा किसी भी प्रकार के आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।
21. किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही रायपुर क्षेत्र के न्याय अधिकार में ही मान्य होगा।
22. चयनित डॉक्टर को निजी प्रेक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी।
23. उक्त पदों पर नियमानुसार शासन द्वारा जारी नियमों/निर्देशों के आरक्षण क्षतिज व प्रवर्गवार (Horizantal and Compartmentalzed Reservation) महिलाओं/विकलांग/भू.पू.सै. के लिये आरक्षण लागू होगा। छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी विशेष आरक्षण नियमों एवं शर्तें लागू होगें।
24. <u>**चयन विधि**</u> :–

**01- General Duty Medical Officer –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निर्धारित शैक्षणिक योग्यता | – | 70 प्रतिशत अंक |
| 2. | अनुभव<br>(एम.बी.बी.एस. डिग्री धारक को 3 वर्ष तक कोई अंक नहीं,<br>3 वर्ष पश्चात् प्रत्येक वर्ष के 02 अंक दिये जाएंगे **अथवा** एम.डी. डिग्री धारक को प्रत्येक वर्ष के 02 अंक दिये जाएंगे। (अधिकतम 10 अंक दिये जाएंगे) | – | 10 अंक |
| 3. | साक्षात्कार/लिखित परीक्षा | – | 20 अंक |
| | **कुल अंक** | – | **100 अंक** |

**02 Senior Medical Social Worker –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | निर्धारित शैक्षणिक योग्यता – | | 60 प्रतिशत अंक |
| 02. | अनुभव –<br>(5 वर्ष तक कोई अंक नहीं, 5 वर्ष पश्चात् प्रत्येक वर्ष के 02 अंक अधिकतम 10 अंक दिये जाएंगे) | | 10 अंक |
| 03. | पी.एच.डी. (संबंधित विषय में) | 10 अंक | 10 अंक<br>(अधिकतम 10 अंक) |
| | एम.फिल. (संबंधित विषय में) | 05 अंक | |
| | अतिरिक्त स्नातकोत्तर डिग्री (संबंधित विषय में) | 03 अंक | |
| 04. | साक्षात्कार/लिखित परीक्षा | – | 20 अंक |
| | **कुल अंक** | – | **100 अंक** |

**03. Assistant Computer Programmer –**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निर्धारित शैक्षणिक योग्यता | – | 70 प्रतिशत अंक |
| 2. | अनुभव (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक (अधिकतम 10 अंक) | – | 10 अंक |
| 3. | साक्षात्कार/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा | – | 20 अंक |
| | **कुल अंक** | – | **100 अंक** |

उपरोक्त पदों पर मेरिट के आधार पर 01 पद के विरूद्ध 05 आवेदकों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा, आवश्यकतानुसार अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा भी लिया जा सकता हैं।

08/01/19
डायरेक्टर जनरल
सिकल सेल इंस्टीट्यूट छत्तीसगढ़, रायपुर

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

डायरेक्टर जनरल
सिकल सेल इंस्टीट्यूट छत्तीसगढ़
रायपुर (छ.ग.)

1. आवेदित पद का नाम ..............................................................................................
2. आवेदक का नाम ..............................................................................................
3. पिता / पति का नाम ..............................................................................................
4. जन्मतिथि (दिनांक / माह / वर्ष) ..............................................................................................
5. साक्षात्कार तिथि पर आयु ...........वर्ष .........................माह ......................दिन................
6. जाति (अनु.जा. / अनु.ज.जा. / अपिव. / सामान्य) ..............................................................................................
7. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता ..............................................................................................
..............................................................................................
8. मोबाईल / लैण्डलाईन नंबर 1...........................................2...............................
9. शैक्षणिक योग्यता (पद की वांछित योग्यता से शुरू करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड वि.वि. / संस्थान | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

10. तकनीकी योग्यता (पद की वांछित योग्यता से शुरू करें)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड वि.वि. / संस्थान | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |

11. कार्यानुभव (अनुभव प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क्र. | विभाग का नाम | पद नाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

12. अन्य जानकारी यदि कोई हो तो – ..............................................................................................

**नोट :– कम्प्यूटर द्वारा मुद्रित / टायपिंग किया हुआ आवेदन पत्र अनिवार्य हैं।**

## / / घोषणा पत्र / /

मै एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सत्य है तथा इनमें किसी भी स्तर पर त्रुटि पाये जाने पर इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।

दिनांक ................................

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**संलग्न दस्तावेज का विवरण –**

1.
2.